हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, गुरुवार 8 जनवरी 2026

04 चाइनीज मांझा बेचने वाले दो आरोपियों को सोनकच्छ...




07 सड़क चौड़ीकरण कराने स्टेशन क्षेत्र में ...





## खबर संक्षेप

### भावांतर योजना में सोयाबीन का मॉडल रेट 4458 रुपए जारी

**सीहोर।** भावांतर योजना 2025 के अंतर्गत सोयाबीन विक्रेता किसानों के लिए मॉडल रेट प्रतिदिन जारी किया जा रहा है। सोमवार 5 जनवरी को 4458 रुपए प्रति क्विंटल का मॉडल रेट जारी किया गया है। यह मॉडल रेट उन किसानों के लिए है जिन्होंने अपनी सोयाबीन की उपज मंडी प्रांगणों में विक्रय की है। इस मॉडल रेट के आधार पर ही भावांतर की राशि की गणना की जाएगी। मॉडल रेट और न्यूनतम समर्थन मूल्य के भावांतर की राशि राज्य सरकार द्वारा दी जा रही है। सोयाबीन का पहला मॉडल रेट 7 नवंबर को 4020 रुपए प्रति क्विंटल जारी किया गया था। इसी तरह 8 नवंबर को 4033 रुपए, 9 और 10 नवंबर को 4036 रुपए, 11 नवंबर को 4056 रुपए, 12 नवंबर को 4077 रुपए, 13 नवंबर को 4130 रुपए, 14 नवंबर को 4184 रुपए, 15 नवंबर को 4225 रुपए, 16 नवंबर को 4234 रुपए, 17 नवंबर को 4236 रुपए, 18 नवंबर को 4255 रुपए, 19 नवंबर को 4263 रुपए, 20 नवंबर को 4267 रुपए, 21 नवंबर को 4271 रुपए, 22 नवंबर को 4285 रुपए, 23 एवं 24 नवंबर को 4282 रुपए, 25 को 4277 रुपए, 26 को 4265 रुपए, 27 नवंबर को 4252 रुपए, 28 नवंबर को 4260 रुपए, 29 नवंबर को 4240 रुपए और 30 नवंबर को 4237 रुपए प्रति क्विंटल का मॉडल रेट जारी किया गया था।

### मेडिसिन अपडेट सम्मेलन 11 को, 150 चिकित्सक होंगे शामिल

**सीहोर।** छठवां सीहोर मेडिसिन अपडेट सम्मेलन 11 जनवरी को होटल क्रिसेंट में होगा। इसमें सीहोर, राजगढ़, देवास, शुजालपुर सहित आसपास के जिलों से करीब 150 चिकित्सा विशेषज्ञ शामिल होंगे। यह सम्मेलन डॉक्टरों के लिए नई चिकित्सा जानकारियों के आदान-प्रदान और अनुभव साझा करने का मंच बनेगा। सम्मेलन के आयोजन अध्यक्ष डॉ. हीरा दलोद्रिया हैं। आयोजन सचिव की जिम्मेदारी डॉ. आरके वर्मा और डॉ. बीके चतुर्वेदी निभा रहे हैं। वैज्ञानिक सचिव डॉ. विवेक सक्सेना हैं। सम्मेलन का वैज्ञानिक कार्यक्रम व्यावहारिक और उपयोगी रखा गया है।कार्डियोलॉजी विषय पर चर्चा के लिए प्रमुख फैकल्टी में डॉ. राजीव गुप्ता, डॉ. विवेक कान्हारे, डॉ. निखिल पेंडसे, डॉ. विकास गोयल, डॉ. शशांक दीक्षित और डॉ. सुमित भटनागर शामिल रहेंगे। यह सम्मेलन वर्ष 2025 की नई चिकित्सा जानकारियों को साझा कर डॉक्टरों की क्लिनिकल प्रैक्टिस को और बेहतर बनाएगा।

### सड़क पर मवेशी छोड़ने पर होगी कार्रवाई


**सीहोर।** सड़क पर पाये जाने वाले गोवंश को स्थानीय निकाय के कर्मचारियों द्वारा किसी सुदूर गोशाला या गोठान में पहुँचा दिया जायेगा। दुधारू गोवंश को छोड़ने पर पशु मालिक पर आर्थिक रूप से कार्रवाई की जाएगी।

## साल भर में हुए 1087 सड़क हादसे, 976 लोग हुए घायल

# सड़कों पर बरपा कहर: एक साल के भीतर 287 लोग असमय समाए काल के गाल में

2024 के मुकाबले कम हुआ हादसों का ग्राफ पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला के निर्देशन में साल भर चली चेकिंग और इंटरसेप्टर वाहनों की तैनाती का सुखद असर दिखाई दिया है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



रफ्तार का जुनून और यातायात नियमों की अनदेखी मासूम जिंदगियों पर भारी पड़ रही है। जिला पुलिस द्वारा जारी वर्ष 2025 के आंकड़े चिंताजनक हैं। बीते एक साल में जिले की सडक़ों पर हुए हादसों में 287 लोग असमय ही काल के गाल में समा गए। हालांकि पुलिस प्रशासन के सख्त पहरे और जागरूकता अभियानों के चलते पिछले वर्ष की तुलना में इस बार मौतों और दुर्घटनाओं के ग्राफ में मामूली गिरावट जरूर दर्ज की गई है।

2024 के मुकाबले कम हुआ हादसों का ग्राफ पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला के निर्देशन में साल भर चली चेकिंग और इंटरसेप्टर वाहनों की तैनाती का सुखद असर दिखाई दिया है। आंकड़ों की तुलना करें तो वर्ष 2024 में सडक़ हादसों में 295 लोगों ने जान गंवाई थी, जो 2025 में घटकर 287 रही। बता दें 2024 में कुल 1172 दुर्घटनाएं हुई थीं, जबकि 2025 में यह संख्या 1087 रही। पिछले साल 1218 लोग घायल हुए थे, जबकि इस साल यह आंकड़ा 976 पर सिमट गया।

### वसूला 86 लाख जुर्माना

यातायात नियमों को ताक पर रखकर वाहन दौड़ाने वालों के खिलाफ पुलिस ने कड़ी कार्रवाई की है। साल 2025 में कुल 16,169 चालकों के विरुद्ध मोटर व्हीकल एक्ट के तहत केस दर्ज किए गए। इन लापरवाह चालकों से कुल 86 लाख 19 हजार 700 रुपये का जुर्माना वसूला गया। इतना ही नहीं, बार-बार नियम तोड़ने वाले 28 चालकों के लाइसेंस निरस्त करने की सिफारिश भी की गई है।

### शराब पीकर वाहना चलाना पड़ा महंगा

पुलिस ने तकनीक और कानून दोनों का सहारा लेकर हादसों पर लगाम लगाने की कोशिश की है, जिनमें इंटरसेप्टर वाहन की मदद से तेज रफ्तार वाले 269 चालकों पर 1.47 लाख रुपये का दंड लगाया गया। शराब पीकर वाहन चलाने वाले 53 चालकों को सीधे कोर्ट में पेश किया गया, जहां उन पर 4 लाख 31 हजार 100 रुपये का भारी-भरकम अर्थदंड लगाया गया।

### पुलिस ने खोजे तीन मुख्य कारण

पुलिस की समीक्षा में हादसों के तीन मुख्य विलेन सामने आए हैं, जिनमें सीमित गति से अधिक तेज वाहन चलाना। शराब पीकर स्टीयरिंग संभालना। प्रतिबंधित क्षेत्रों या गलत दिशा में वाहन ले जाना।

### पुलिस कप्तान की अपील

पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला ने जनता से भावुक अपील करते हुए कहा कि यातायात नियम दंड के लिए नहीं, बल्कि आपकी सुरक्षा के लिए हैं। एक छोटी सी लापरवाही न केवल चालक, बल्कि सड़क पर चल रहे निर्दोष राहगीरों का परिवार भी उजाड़ देती है। उन्होंने संकल्प जताया कि वर्ष 2026 में जागरूकता और सख्ती का यह अभियान और भी प्रभावी ढंग से जारी रहेगा।

### ये दो प्रमुख हादसे भी शामिल

साल 2025 में हुए इन हादसों में दो हादसे भी शामिल हैं, जो खासे सुर्खियों में रहे।

पहला हादसा सैकड़ाखेड़ी रोड पर हुआ, जब मॉर्निंग वॉक कर रहे दो युवकों को तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी थी, वहीं दूसरा हादसा मुगीसपुर के पास तेज रफ्तार कार ने बाईक में टक्कर मारना शामिल हैं, जिसमें एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि दूसरे को कार से लंबी दूरी तक घसीटा गया था।

# अभिषेक हत्याकांड मामला: न्याय के लिए एसपी कार्यालय पहुंचे राजपूत समाज के लोग

**सीहोर।** भोपाल-इंदौर हाईवे पर स्थित शिवशंकर ढाबे के पास हुई अभिषेक सिंह लल्लू की संदिग्ध मौत के मामले में न्याय की मांग को लेकर सर्व क्षत्रिय राजपूत समाज ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा। समाज के लोगों ने पुलिस कार्यप्रणाली पर असंतोष जताते हुए मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है।

मृतक अभिषेक के पिता विजय सिंह तोमर (रिटायर्ड रेंजर) ने बताया कि 2-3 अक्टूबर दशहरा पर्व के दौरान अभिषेक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिला था। परिजनों ने शुरू से ही इसे हत्या का मामला बताते हुए शिकायत दर्ज कराई थी, लेकिन तीन महीने बीत जाने के बाद भी प्रकरण में कोई खास प्रगति नहीं हुई है। इसी से नाराज होकर समाज के लोगों ने एकजुट होकर पुलिस प्रशासन से गुहार लगाई।



**दूसरे अधिकारी से कराई जाएगी जांच :** समाजजनों के अनुसार ज्ञापन लेने के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने परिवार की बात सुनी। मृतक के प्रति संवेदना व्यक्त की और परिजनों को आश्वासन दिया कि मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाएगी। उन्होंने इस केस की जांच किसी अन्य अधिकारी को सौंपने का भरोसा भी दिलाया ताकि सच सामने आ सके। ज्ञापन सौंपते समय मृतक के पिता विजय सिंह तोमर, भाई विवेक व अनुज के साथ ही संभागीय अध्यक्ष डॉ. महेंद्र सिंह राठौड़, जिला अध्यक्ष गणेश सिंह चौहान, धीरेन्द्र सिंह राजावत, जितेंद्र सिंह राठौड़, किशोर सिंह, ईश्वर सिंह चौहान अध्यक्ष करणी सेना और राजेंद्र सिंह सिसोदिया सहित समाज के अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी और युवा बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# लायंस क्लब सीहोर सिद्धपुर ने आदिवासी विद्यार्थियों को वितरित किए गर्म स्वेटर



**सीहोर।** सर्दी के मौसम में सामाजिक सरोकार की मिसाल पेश करते हुए लायंस क्लब सीहोर सिद्धपुर ने प्राथमिक विद्यालय सलीखेड़ा में अध्ययनरत 97 छात्र-छात्राओं (45 बालक एवं 52 बालिकाएं) को गर्म स्वेटर वितरित किए। यह कार्यक्रम आदिवासी एवं आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चों को ठंड से राहत दिलाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं लायंस क्लब के अध्यक्ष जयंत दसवानी ने कहा कि, आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों में ठंड का प्रभाव अधिक रहता है। हमारा प्रयास है कि कोई भी बच्चा ठंड के कारण पढ़ाई से वंचित न रहे। यह छोटा-सा योगदान समाज के प्रति हमारी जिम्मेदारी का हिस्सा है। लायंस क्लब इस पूरे सप्ताह करीब 300 से ज़्यादा छात्रों को स्वेटर वितरित करेगा। विद्यालय के शिक्षकों बच्चू सिंह सोलंकी, श्रामचरण सूर्यवंशी, कुसुम सैनी, किरन बैरागी, आशा मंडराई और राघवेंद्र मालवीय ने लायंस क्लब क्लब के इस सेवा कार्य की सराहना की।

इस अवसर पर लायंस क्लब के प्रथम उपाध्यक्ष अजय राय, कपिल जैन, निखिल रणपुरिया और विनीत दुबे उपस्थित थे। विद्यालय प्रबंधन ने लायंस क्लब के इस सामाजिक दायित्वपूर्ण कार्य के लिए आभार व्यक्त किया और कहा कि ऐसे प्रयास बच्चों में शिक्षा के प्रति जागरूकता और आत्मविश्वास दोनों को बढ़ाते हैं।

लायंस क्लब द्वारा भविष्य में भी शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक कल्याण के क्षेत्र में ऐसे जनसेवा कार्य निरंतर जारी रखने का संकल्प व्यक्त किया गया।

# गृहस्थ आश्रम मानव के लिए तपस्या के समान: पं. चतुर्वेदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

ग्रहस्थ आश्रम मानव के लिए एक तपस्या है जहां रहकर उसे सबसे कठिन तप कर अपने जीवन को पार लगाना होता है यही वह समय है जब कर्म के रास्ते पर चलने की बजाय मानव में भटकाव अधिक आता है आपने कहा कि कर्म करते हुए घर गृहस्ती संभालना कठिन जरूर है लेकिन आत्म शांति इसके बाद ही मिलती है कथा का सार बताते हुए पंडित चतुर्वेदी ने कहा की कथा सुनकर आनंद लेना और बात है लेकिन उससे जीवन आनंदित करना और बात हे कथा की पूर्णाहुति पर भारी संख्या में श्रद्धालु कथा स्थल पर पहुंचे इस अवसर पर भागवत सेवा समिति के सदस्यो द्वारा व्यास पीठ का पूजन कर कथावाचक पंडित चतुर्वेदी का सरोपा बांधकर सम्मान किया इसी के साथ कथा समापन के बाद पंडित चतुर्वेदी एवं भागवत






माता की विश्राम यात्रा बैंड बजो के साथ निकाली गई जो नगर के मुख्य मार्गो से होती हुई स्थानीय चौक बाजार स्थित श्री गुप्तेश्वर महादेव मंदिर पर पहुंची जहां पर पुष्प वर्षा कर भागवत मैया एवं पंडित जी का अभिनंदन कर उनका आशीर्वाद लिया गया इस अवसर पर पंडाल में दिनांक 25 जनवरी से 31 जनवरी तक श्री योगेश्वर महादेव मंदिर गोकुलधाम कॉलोनी में संगीतमय महा शिव पुराण कथा के सप्त दिवसी आयोजन आयोजित किया जाएगा इसी के साथ ही 9 कुंडी यज्ञ एवं हवन की घोषणा भी पंडित चतुर्भुज चतुर्वेदी कथा वाचक द्वारा की गई आपने कहा कि विद्वान पंडितो द्वारा 7 दिनों तक नौ कुंडी यज्ञ एवं हवन भी किया जाएगा उक्त कार्यक्रम भी भागवत सेवा समिति नलखेड़ा के तत्वाधान में संपन्न होगा पंडित चतुर्वेदी ने इस होने वाले कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील भी की।

# समाधान योजना अंतर्गत विद्युत उपभोक्ताओं को मिलेगी राहत

**बकाया विद्युत बिल जमा करने पर सरचार्ज में छूट प्रदान की जाएगी**

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

समाधान योजना के अंतर्गत विद्युत उपभोक्ताओं को बकाया विद्युत बिलों में राहत प्रदान करने हेतु जिले में निरंतर शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में जिले के विभिन्न ग्रामों एवं वृत्तों में शिविर एवं महाकैंप लगाए जाएंगे। निर्धारित कार्यक्रम अनुसार 9 जनवरी को ग्राम भ्याना, 10 जनवरी को ग्राम नरवल में शिविर आयोजित किए जाएंगे। वहीं 12 जनवरी को वृत्त आगर एवं 13 जनवरी को वृत्त सुसनेर में महाकैंप का आयोजन वृत्त कार्यालय परिसर में किया जाएगा। महाकैंप में वृत्त आगर अंतर्गत आगर शहरी एवं ग्रामीण, बड़ौद, जयसिंहपुरा, तनोडिया एवं कानड़ वितरण केंद्र के समस्त उपभोक्ता तथा वृत्त सुसनेर अंतर्गत नलखेड़ा शहरी एवं ग्रामीण, सोयत, सुसनेर एवं मोड़ी वितरण केंद्र के उपभोक्ता शामिल होंगे। इसके अतिरिक्त वितरण केंद्र परिसरों में भी शिविर आयोजित किए जाएंगे, जिसमें 19 जनवरी को नलखेड़ा शहरी एवं ग्रामीण, 20 जनवरी को तनोडिया एवं सुसनेर, 21 जनवरी मोडी एवं कानड़, 22 जनवरी को सोयत एवं जयसिंहपुरा और 27 जनवरी को आगर ग्रामीण एवं बड़ौद में शिविर लगाएं जाएंगे। विद्युत विभाग की अधीक्षण यंत्री रत्नेश अयाची ने बताया कि शिविरों में समाधान योजना के अंतर्गत घरेलू, गैर-घरेलू, औद्योगिक एवं कृषि श्रेणी के उपभोक्ताओं को बकाया विद्युत बिल जमा करने पर सरचार्ज में नियमानुसार छूट प्रदान की जाएगी।

# राम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा की द्वितीय वर्षगांठ पर होगी महाआरती

**नलखेड़ा।** अयोध्या में भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा के एक वर्ष पूर्ण होने पर नगर मे प्रभात फेरी सुंदरकांड एवं महाआरती के साथ विशाल भंडारे का कार्यक्रम 11 जनवरी को आयोजित होगा। चौक बाजार स्थित श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर समिति द्वारा समस्त नगरवासी के सहयोग से अयोध्या में भगवान श्रीराम के मंदिर की भव्य प्राण प्रतिष्ठा के 2 वर्ष पूर्ण होने पर रविवार को प्रातः 05.30 बजे नगर में प्रतिदिन अनुसार प्रभात फेरी निकाली जावेगी। श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर चौक बाजार पर दोपहर में संगीतमयी सुंदरकांड का आयोजन होगा। सायं 4:00 बजे महाआरती सायं 4.30 बजे से विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इसके पूर्व शनिवार को रात्रि में भी पंचमुखी हनुमान मंदिर पर संगीतमयी सुंदरकांड का आयोजन होगा। अयोध्या में प्रभु श्रीराम की



प्राण प्रतिष्ठा की द्वितीय वर्षगांठ को लेकर आयोजन समिति द्वारा नगर सज्जा का कार्य प्रारंभ किया जा चुका है। चौक बाजार के चारों ओर के रास्तों पर आकर्षक विद्युत सज्जा की जा रही है वही नगर को केशरिया पताकाओं से सजाया जा रहा है। इसके साथ ही श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर को भी आकर्षक रूप से सजाया जा रहा है।

# पूर्व विधायक राणा के प्रयासों से मंडी के लिए जमीन स्वीकृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

पूर्व विधायक राणा विक्रमसिंह ने अपने कार्यकाल में स्थानीय कृषि उपज मंडी सुसनेर के लिए उज्जैन मार्ग जमीन दिलाने के लिए अथक प्रयास किए थे। आखिरकार उनकी मेहनत रंग लाई और अब शासन की ओर से सुसनेर कृषि उपज मंडी प्रांगण के लिए 56 बीघा जमीन की स्वीकृति आगर रोड़ पर भारत गैस गोडाउन के पास दी है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों के प्रयास से कृषि इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास में मदद मिलती है, जिससे किसानों की उपज को बाजार तक पहुंचाने में सुविधा होगी। साथ ही परिवहन लागत घटेगी ही साथ प्रतिदिन उपज आने के कारण मंडी चौराहे पर लगने वाले जाम से राहत मिलेगी। 56 बीघा जमीन में नई मंडी बनने से





किसानों को अपनी उपज बेचने के लिए एक संगठित जगह मिलेगी। साथ ही बिचौलियों की कमी होगी और सरकारी नियमों के तहत सही दाम मिलेगे। पूर्व विधायक राणा के प्रयास से सुसनेर में मंडी के लिए बड़ी जमीन स्वीकृत होना एक सकारात्मक कदम है जो कृषि विकास को बढ़ावा देता है, और यह प्रक्रिया अक्सर स्थानीय जनप्रतिनिधियों के सक्रिय योगदान से पूरी होती है। पूर्व विधायक राणा के प्रयास से सुसनेर कृषि उपज मंडी को 56 बीघा जमीन की स्वीकृति का पत्र भी सारी औपचारिकताओं को पूरी कर नजूल विभाग की और जारी किया गया है। जिसमें बताया गया है कि जिला नजूल निर्वतन समिति की बैठक 22 दिसंबर 2025 द्वारा कस्बा सुसनेर तहसील सुसनेर स्थित भूमि सर्वे क्रमांक 2098 रकबा 3.9510 हेक्टेयर में से 3.6510 हेक्टेयर, सर्वे नंबर 2120 रकबा 0.4810 हेक्टेयर में से रकबा 0.3500 हेक्टेयर, सर्वे क्रमांक 2125 रकबा 7.8180 हेक्टेयर में से रकबा 7.8060 हेक्टेयर कुल रकबा 11.807 हेक्टेयर भूमि को संस्था कृषि उपज मण्डी समिति को मण्डी संचालन हेतु मध्यप्रदेश नजूल निर्वतन नियम 2020 की कंण्डिका 24 अनुसार स्थायी पट्टे पर कण्डिका 19 की तालिका के सरल क्रमांक 1(4) चतुर्थ श्रेणी मंडी समिति को प्रब्याजी 92,74,665/- रूपये (शब्दो में बानवे लाख चौहत्तर हजार छह सौ पैसठ) तथा वार्षिक भू भाटक 4,72,280/- रूपये (चार लाख बहत्तर हजार दौ सो अस्सी) पर आवंटित किये जाने की स्वीकृति प्रदान की जाती है। उक्त मध्यप्रदेश नजूल निर्वतन निर्देश 2020 की कण्डिका 147 में परिशिष्ट क में तालिका में उल्लेखित मद में निर्धारित प्रब्याजि एवं भू भाटक की राशि जमा कर चालान की प्रति न्यायालय को प्रस्तुत करने के निर्देश सुसनेर मंडी सचिव को दिए गए हैं।

एजेन्सी देना है। हरिभूमि
आगर, तनोड़िया सुसनेर, सोयतकलां, बरोंद, नलखेड़ा
पता :- हरिभूमि कार्यालय 4 फ्लोर, मानसरोवर कॉम्प्लेक्स, एम.पी. नगर, भोपाल
मो.: 8770833858, 9827743042

## खबर संक्षेप

### स्वामी विष्णु तीर्थ द्वार का हुआ नामांकरण

**देवास।** नगर निगम द्वारा स्टेशन रोड से माँ चामुण्डा टेकरी पहुंच मार्ग पर स्थित द्वार का मंगलवार को स्वामी सुरेशानंद तीर्थ के पावन सानिध्य मे महापौर गीता अग्रवाल ने तपोभूमि स्थल के शिलान्यास का पूजन किया ओर प्रवेश द्वार का विधायक प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल, नेता सत्तापक्ष मनीष सेन, वरिष्ठ भाजपा नेता विजय पंडित, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि अजय पंडित, पार्षद भूपेश ठाकुर के साथ शिलान्यास का पूजन कर व फीता खोलकर भव्य द्वार का नामांकरण किया। महापौर ने सभी को बधाई देते हुए कहा कि हम कृतज्ञ हे कि हमे ऐसे पुण्यावसर प्राप्त हो रहे है।इस अवसर पर विधायक एवं महापौर प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल ने बधाई देते हुये बताया कि स्वामी सुरेशानंद ने विधायक गायत्री राजे पवार से इस द्वार का नामांकरण स्वामी विष्णु तीर्थ जी के नाम से किये जाने हेतु आग्रह किया था। विधायक पवार से किये गये आग्रह पर द्वार का नामांकरण साकार किया।

### बिना लाइसेंस व्यवसाय करने वालों पर होगी दंडात्मक कार्यवाही

**देवास।** बिना (ट्रेड) लाइसेंस के व्यवसाय करने या लाइसेंस का नवीनीकरण नहीं करवाने वाले व्यवसायकों पर निगम लाइसेंस की टीम द्वारा चालानी कार्यवाही की गई। निगमायुक्त दलीप कुमार के निर्देशानुसार निगम लाइसेंस प्रभारी हेमंत उबनारे एवं उनकी टीम के द्वारा निगम से बिना लायसेंस प्राप्त करे व्यवसाय करने पर ए बी रोड, उज्जैन रोड, शुक्रवारिया हाट में चालानी कार्यवाही की गयी।

मकर संक्रांति पर्व के मद्देनज़र पुलिस जिले भर में कर रही सघन चेकिंग, दुकानदारों को दी गई समझाइश

# चाइनीज मांझा बेचने वाले दो आरोपियों को सोनकच्छ पुलिस ने किया गिरफ्तार, भौरासा पुलिस ने भी की सघन चेकिंग





### राजस्व और पुलिस के संयुक्त दल ने की कार्रवाई, पतंग विक्रेताओं को चाइनीज मांझा नहीं बेचने की दी सख्त हिदायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास/भौरासा

आगामी मकर सक्रांति पर्व के मद्देनजर चाइनीज मांझे को लेकर जिला प्रशासन सख्त है। जिले भर में चेकिंग चलाकर जानलेवा चाइनीज मांझे बेचने वालों को ढूंढा जा रहा है। वहीं इसी को लेकर एसपी पुनीत गेहलोद के द्वारा संक्रांति पर्व के दृष्टिगत प्रतिबंधित चाइनीज मांझा के विक्रय,भंडारण एवं उपयोग में संलिप्त आरोपियो के विरुद्ध सख्त कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है। इसी क्रम में शहर एएसपी जयवीर सिंह भदौरिया के मार्गदर्शन में और सोनकच्छ एसडीओपी दीपा माण्डवे के निर्देशन में थाना प्रभारी सोनकच्छ निरीक्षक अजय गुर्जर के नेतृत्व में बुधवार को थाना सोनकच्छ क्षेत्र में दबिश देकर देवास पुलिस ने दो अलग-अलग स्थानों पर प्रतिबंधित चाइनीज मांझा के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही कर 02 आरोपियो को गिरफ्तार किया है। थाना सोनकच्छ पुलिस को विश्वसनीय मुखबिर सूचना से चुढ़ी बाखल,सोनकच्छ क्षेत्र में प्रतिबंधित चाइनीज मांझा विक्रय की सूचना प्राप्त हुई।

सूचना पर थाना सोनकच्छ पुलिस द्वारा दबिश देकर दुकान संचालिका महिला के कब्जे से प्रतिबंधित चाइनीज मांझे के गट्ठे जप्त किए गए। आरोपिया के विरुद्ध थाना सोनकच्छ पर अपराध क्रमांक 14/2026 धारा 223 बी.एन.एस. का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया जाकर आरोपिया महिला को गिरफ्तार कर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। वहीं दूसरी कार्रवाई में थाना सोनकच्छ पुलिस को विश्वसनीय मुखबिर सूचना से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम सावेंर खेडापति हनुमान मंदिर के पास स्थित एक दुकान में प्रतिबंधित चाइनीज मांझा छिपाकर रखा गया है । सूचना पर थाना सोनकच्छ पुलिस द्वारा दबिश दी गई जहां आरोपी पंकज जाट पिता हुकुमचन्द्र जाट उम्र 19 वर्ष निवासी ग्राम सावेंर द्वारा दुकान में कचरे के कार्टन के अंदर छिपाकर रखे गए चाइनीज मांझे के गट्ठे जप्त किए गए जाकर आरोपी को गिरफ्तार कर आरोपी के विरूद्ध थाना सोनकच्छ पर अपराध क्रमांक 13/2026 धारा 223 बी.एन.एस. का अपराध पंजीबद्द कर विवेचना मे लिया जाकर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है ।

पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई के दौरान गिरफ्तार आरोपी में पंकज जाट पिता हुकुमचन्द्र जाट उम्र 19 वर्ष निवासी ग्राम सावेंर थाना सोनकच्छ को गिरफ्तार किया गया है, वही एक महिला को भी हिरासत में लिया गया है। पुलिस ने इनके पास से प्रतिबंधित चाइनीज मांझे के गट्ठे जप्त किए है। की गई उक्त सराहनीय कार्य में थाना प्रभारी सोनकच्छ निरीक्षक अजय गुर्जर, उनि हिमांशु पाण्डेय, प्रआर कुलदीप सिंह, आर श्यामबिहारी, लक्ष्मण, सुनील, देवेन्द्र, राजकुमार, रवि, मआर मोना, नेहा की सराहनीय भूमिका रही।

#### पांच दुकानों का किया औचक निरीक्षण

**भौरासा।** जिले भर में कार्रवाई के दौरान बुधवार को नगर में राजस्व एवं पुलिस प्रशासन की संयुक्त टीम ने पतंग की दुकानों पर औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण में नायब तहसीलदार नेहा शाह एवं थाना प्रभारी प्रीति कटारे अपने दलबल के साथ मौजूद रही। दल ने पांच दुकानों पर निरीक्षण किया। किए गए निरीक्षण के दौरान चाइना डोर नहीं पाई गई।

पतंग विक्रेताओं से बात कर दुकानों की सघन तलाशी ली गई। इस दौरान किसी भी विक्रेता के यहां चाइना डोर नहीं मिली। पुलिस टीम ने सभी को समझाइश दी कि आगे भी चाइना डोर ना रखें। इससे आपके साथ-साथ आमजन भी सुरक्षित रहेंगे। चाइना डोर मिलने पर नियम अनुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर उप निरीक्षक नरेंद्र सिंह भदोरिया, उप निरीक्षक प्रताप सिंह, एएसआई संजय तंवर, प्रधान आरक्षक अभिषेक पांडे, राहुल चावड़ा, अशोक चौहान, जितेंद्र तोमर, आरक्षक उमेश भदोरिया मौजूद रहे।

## महापौर अग्रवाल ने बड़ी टंकियों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



शहरवासियों को स्वच्छ, सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नगर निगम द्वारा लगातार निगरानी की जा रही है। बुधवार को महापौर गीता दुर्गेश अग्रवाल ने शहर की जल प्रदाय व्यवस्था में खुद मोर्चा संभालते हुए प्रमुख पानी की टंकियों का स्थल निरीक्षण किया।

महापौर ने न केवल अधिकारियों से रिपोर्ट ली, बल्कि स्वयं सीढ़ियों के माध्यम से टंकियों पर चढ़कर पानी की गुणवत्ता, सफाई व्यवस्था और सप्लाई प्रणाली का बारीकी से अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान विधायक एवं महापौर प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल भी उनके साथ मौजूद रहे। महापौर अग्रवाल ने हाल ही में जल प्रदाय विभाग के अधिकारियों एवं वार्ड सुपरवाइजरों की बैठक लेकर पेयजल की गुणवत्ता को लेकर सख्त दिशा-निर्देश दिए थे। बैठक में स्पष्ट किया गया था कि सभी पानी की टंकियों की नियमित एवं व्यवस्थित सफाई सुनिश्चित की जाए और किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए।इन्हीं निर्देशों के पालन की समीक्षा के लिए महापौर ने बुधवार को शहर की बड़ी एवं ऊंचाई वाली पानी की टंकियों का निरीक्षण किया।महापौर ने कहा कि नागरिकों का फीडबैक ही असली मूल्यांकन है और इसी के आधार पर व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाया जाएगा।विधायक एवं महापौर प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल ने कहा कि शहरवासियों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए नगर निगम की पूरी टीम निरंतर कार्य कर रही है। सभी पानी की टंकियों की सफाई करवाई जा रही है।

### स्वास्थ्य समिति अध्यक्ष बैस ने ट्रेंचिंग ग्राउंड का किया निरीक्षण

**देवास।** शहर में आवारा श्वानों के प्रबंधन एवं कचरा निपटान व्यवस्था को लेकर महापौर गीता दुर्गेश अग्रवाल के निर्देश पर निगम स्वास्थ्य समिति अध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह बैस द्वारा ट्रेंचिंग ग्राउण्ड का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उनके साथ निगम लोक निर्माण समिति अध्यक्ष गणेश पटेल एवं निगम स्वास्थ्य समिति सदस्य प्रतिनिधि बाबू यादव उपस्थित रहे।निरीक्षण के दौरान बैस ने बताया कि ट्रेंचिंग ग्राउण्ड पर स्थित शेल्टर हाउस में श्वानों को उपलब्ध कराई जा रही व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। जिसमे पीने के पानी आदि व्यवस्था पाई गई।इसके पश्चात ट्रेंचिंग ग्राउण्ड पर नगर निगम के कचरा संग्रहण वाहनों से प्राप्त गीले एवं सूखे कचरे को पृथक-पृथक किए जाने तथा गीले कचरे से ग्रीन कम्पोस्ट खाद निर्माण की प्रक्रिया को भी देखा। इस खाद का उपयोग कृषि कार्यों एवं उद्यान विकास हेतु किया जा सकता है।

## ऑपरेशन प्रहार के तहत कमलापुर पुलिस ने कार्रवाई कर 6 जुआरियों को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा



इंदौर–बैतूल राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित ग्राम धनतलाब में कमलापुर पुलिस ने "ऑपरेशन प्रहार" तहत प्रभावी कार्रवाई करते हुए जुआ खेल रहे 6 जुआरियों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया।एसपी पुनीत गेहलोत द्वारा जिले में अवैध गतिविधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान ऑपरेशन प्रहार अंतर्गत ग्रामीण एएसपी सौम्या जैन के मार्गदर्शन में यह कार्रवाई की गई।थाना प्रभारी कमलापुर सर्जन सिंह मीणा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम धनतलाब में दबिश दी, जहां 6 व्यक्ति ताश के पत्तों पर जुआ खेलते पाए गए। पुलिस कार्रवाई में आरोपी रवि देवड़ा पिता शंकर देवड़ा (25),टिल्तु बछानिया पिता धारासिंह बछानिया (27)जितेन्द्र चौहान पिता सुंदरलाल चौहान (30),महेन्द्र चौहान पिता अनारसिंह चौहान (35), अरविंद भुसारिया पिता मुकेश भुसारिया (19) सभी निवासी ग्राम धनतलाब और आशीष बछानिया पिता भारत बछानिया (22), निवासी जामनझिरी खेड़ाखाल को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 1020 नगद राशि एवं ताश के पत्ते जप्त किए हैं। कार्रवाई में थाना प्रभारी उपनिरीक्षक सर्जनसिंह मीणा, प्रधान आरक्षक अरुण आर्य, प्रधान आरक्षक रायचंद झोड़िया एवं सैनिक विष्णु सोनी का सराहनीय योगदान रहा।

## हाटपीपल्या विधायक चौधरी ने बाल वाटिका के साथ आंगनबाड़ी भवन का किया लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



जिले की हाटपीपल्या विधानसभा के अंतर्गत ग्राम नागुखेड़ी में ग्रामीण विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए देवास बाल वाटिका व चौकी जयदुर्गा नगर में नवनिर्मित आंगनवाड़ी भवन का लोकार्पण संपन्न हुआ। देवास बाल वाटिका व भवन का निर्माण अलग-अलग 9 लाख 50 हजार रुपये कुल 19 लाख की लागत से किया गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हाटपीपल्या विधायक मनोज चौधरी, विशेष अतिथि क्षिप्रा मंडल अध्यक्ष विश्वास उपाध्याय, सरपंच यशोदा जसवंत दिवानिया एवं सचिव आनंदसिंह ठाकुर ने फीता काटकर देवास बाल वाटिका एवं आंगनवाड़ी भवन का लोकार्पण किया और ग्रामीणों को इस विकास कार्य की बधाई दी। इस अवसर पर विधायक मनोज चौधरी ने अपने संबोधन में कहा कि बाल शिक्षा, महिला सशक्तिकरण और ग्रामीण आधारभूत संरचना का विकास सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। आंगनवाड़ी और बाल वाटिका जैसे संस्थान बच्चों के सर्वांगीण विकास की नींव होते हैं, जिनसे शिक्षा के साथ-साथ पोषण और संस्कार भी मजबूत होते हैं। साथ ही बाल वाटिका से बच्चों का मनोरंजन व विविध गतिविधियां होंगी। सरपंच व सचिव ने अतिथियों का स्वागत करते हुए विधायक एवं सभी सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया। लोकार्पण समारोह में प्रकाश पटेल, कमलसिंह, बहादुर सिंह, मनोज काका, वीरेन्द्र सिंह, अभिषेक शर्मा, शिवनारायण झिनीवाल, कैलाश जाट, रामप्रसाद चौहान, कैलाश परमार, राजेश, दरबारसिंह, अक्षय पटेल, भारत चौहान सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## वैश्य महासम्मेलन के वार्षिक कलेंडर का विमोचन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा



नगर मे वैश्य महासम्मेलन मध्य प्रदेश द्वारा वर्ष 26 के बहुरंगी वार्षिक कैलेंडर का विमोचन स्थानीय इकाई द्वारा माहेश्वरी समाज धर्मशाला में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष सत्यनारायण लाठी, जिला अध्यक्ष गौरव खंडेलवाल मुख्य अतिथि थे।

नगर वैश्य समाज अध्यक्ष प्रदीप मंत्री की अध्यक्षता में समाज के उपाध्यक्ष महेश बलदवा सहित शिवजी संघवी गौरव गुप्ता, पवन गोयल एवं संजय सेठी की विशेष उपस्थिति में संपन्न हुआ। स्वागत उद्बोधन प्रदीप मंत्री द्वारा एवं संचालन माहेश्वरी समाज के जिला महामंत्री प्रकाश मंत्री एवं आभार समाज के नितिन शारड़ा व्यक्त किया गया।

मुख्य अतिथि लाठी एवं खंडेलवाल द्वारा समाज की उन्नति, एकता एवं संगठन को मजबूत करने तथा देश एवं समाज हित में कार्य करने पर जोर दिया गया। कैलेंडर में विवाह मुहूर्त, मुख्य त्योहार सहित समाज के पदाधिकारीयो के मोबाइल नंबर वैश्य घटकों की जानकारी और जन्म कुंडली की सुन्दर प्रस्तुति हैं।

शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था के द्वारा जिला जेल में प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू

# महिला बंदियों को देंगे ब्यूटी केयर असिस्टेंट प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास




शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था द्वारा जिला जेल में प्रशिक्षण कार्यक्रम किया शुरू महिला बंदियों को देंगे ब्यूटी केयर असिस्टेंट प्रशिक्षणदेवास। व्यावसायिक प्रशिक्षण के माध्यम से उज्जवल भविष्य का सपना साकार हो सकता है। हम सब के जीवन में अनेक कठिनाई आती है। मगर कठिनाइयों से विजय प्राप्त करना और हमारे आर्थिक विकास हेतु व्यावसायिक प्रशिक्षण का ज्ञान होना अत्यंत आवश्यक है। एक सफल प्रशिक्षार्थी रोजगार, स्वरोजगार कर अपना एवं परिवार का समुचित विकास कर सकता है इस तरह के कौशल - मूलक प्रशिक्षण की अत्यंत आवश्यकता है उक्त विचार हेमन्त धनोंतिया प्राचार्य शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था देवास ने जिला जेल में प्रशिक्षण कार्यक्रम के उद्घाटन अवसर पर व्यक्त किया। जन शिक्षण संस्थान देवास के निर्देशक डॉ मुकेश मेहरडे ने बताया कि मंत्रालय के निर्देश अनुसार जेल के बंदियों को आय- मूलक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है जिसके माध्यम से रिहाई उपरांत परिवार के समग्र विकास कार्य कर मुख्य धारा में योगदान प्रदान करेंगे। इसी के तहत देवास जिला जेल में महिला बंदियों के लिए ब्यूटी केयर असिस्टेंट प्रशिक्षण प्रारंभ किया गया। जेल।अधीक्षक विद्या भूषण प्रसाद, जिला देवास के कहा कि हमारे द्वारा निरन्तर संवाद कर उनकी अभिरुचियों के आधार पर यह प्रयास किया जा रहा है कि जेल में विभिन्न गतिविधियों का संचालन किया जिसके माध्यम से हमारे बंदियों को विभिन्न विषयों पर जानकारी, प्रशिक्षण प्रदान किया जाए जो उनके उज्जवल भविष्य में सहायक हो और आदर्श नागरिक के रूप में समाज विकास में योगदान प्रदान करेंगे। जेल परिसर में आयोजित प्रशिक्षण मनीषा मालवीय द्वारा प्रदान किया जा रहा है जिसमें जेल प्रहरी चांदनी वीलाला, रेशम सारवे का सहयोग है जिसमें सभी महिला बंदियों द्वारा उत्साहपूर्वक सहभागिता की जा रही है। कार्यक्रम में विजय सिंग भारिया, प्रमुख मुख्य प्रहरी मुकेश रैकवाल, पूर्णिमा बाऊस्कर, मोनिका बरेठा, राहुल बालोदिया आदि विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. वैशाली भारद्वाज एवं आभार अनिल कुमार दुबे, सहायक अधीक्षक द्वारा व्यक्त किया।

## वन विभाग ने घायलों को दी सहायता राशि



हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

विगत दिनों सब रेंज कमलापुर अंतर्गत गांव दिवासिया में तीन व्यक्तियों को तेंदुए द्वारा घायल किया गया था, जिनका उपचार निजी अस्पताल में चल रहा है।

बुधवार को वन विभाग ने घायलों को आर्थिक मदद के तौर पर राशि दी। डिप्टी रेंजर गजराज सिंह मोरी, दिनेश धाकड़ द्वारा अस्पताल पहुंचकर तीनों घायलों को एक - एक हजार की नगद राशि सहयोग के तौर पर दी। मोरी ने बताया कि वन विभाग की ओर से आर्थिक मदद के लिए लिखित कार्रवाई की गई है। विभाग द्वारा आगामी जो भी राशि स्वीकृत की जाएगी वह राशि भी दी जाएगी। साथ ही घायलों को उपचार हेतु हर संभव मदद की जाएगी।

नगर पालिका ने मृत गोवंश को बगैर दफनाए छोड़ा, कुत्ते नोचते नजर आए

# मां जालपा गोशाला में 3 दिन में 16 मवेशियों की मौत, किया चक्काजाम

## सूचना के बाद कांग्रेस जिलाध्यक्ष सहित दो पूर्व विधायक ट्रैंचिंग ग्राउंड पहुंचे





हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

नगर के संकट मोचन बड़ली क्षेत्र स्थित मां जालपा गौशाला में विगत तीन दिनों में 16 गौवंश की मौत का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि भीषण ठंड के चलते गौवंश काल-कवलित हुआ है। लापरवाही की हद तो तब हो गई जब नगर पालिका ने भी इन मृत गौवंश को पाटन रोड स्थित टैचिंग ग्राउण्ड में बगैर दफनाए खुले गड्डे में ही छोड़ दिया। खुले में गड्डे में तीन दिनों से छोड़ी जा रहे मृत गौवंश के मांस को कुत्तों द्वारा नोच-नोंचकर खाने की जानकारी लगने पर नगर के कई गौसेवक सहित कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रियवृत सिंह खिंची, पूर्व विधायक बापूसिंह तंवर, हेमराज कल्पोनी व अन्य टैचिंग ग्राउण्ड ही पहुंच गए। सूचना सही पाई गई और मृत गायों के शवों को कुत्तों द्वारा नोंच-नोंचकर खाया पाया गया। गौवंश के साथ इस अमानवीयता को देखकर इंका जिलाध्यक्ष श्री सिंह ने मौके से ही नगर पालिका सीएमओ पवन अवस्थी को फोन लगाया। अवस्थी नगर पालिका अमले को लेकर तुरंत मौके पर पहुंचे और मृत गौवंश को बाकायदा दफनाने की कार्यवाही शुरू की। उधर, इसी मामले को लेकर मंगलवार देर शाम गौसेवा समिति के अनेकों सदस्यों एवं युवाओं द्वारा एनएच-52 पर चक्काजाम कर दिया गया।

### डेढ़ घंटे तक चलता रहा चक्काजाम, हुई नारेबाजी

गौसेवा समिति के सदस्यों एनएच-52 बिरसा मुंडा चैराहे के दोनों तरफ चक्काजाम लगाकर बैठ गए और काफी समय तक गौवंश के साथ हो रही अमानवीयता के विरोध में नारेबाजी की। घटना की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने गौसेवकों को समझाने का प्रयास किया लेकिन वे नहीं माने और मामले के जिम्मेदारों पर कार्यवाही और एसडीएम को मौके पर बुलाने की बात पर अड़े रहे। गौसेवकों का कहना था कि भलेंही हमें जेल में डाल दिया जाए लेकिन गौमाता के साथ इस तरह की अमानवीयता हम कतई बर्दाश्त नहीं करेंगे। करीब डेढ़ घंटे तक चले चक्काजाम के दौरान हाईवे के दोनों ओर वाहनों की लंबी-लंबी कतारें लग गई। बाद में एसडीएम निधि भारद्धाज के मौके पर पहुंची और गौसेवकों की मांगों पर यथोचित आश्वासन दिया। इसके उपरान्त गौसेवक माने और चक्काजाम समाप्त किया।

### टैचिंग ग्राउंड पर पॉलीथिन खाते मिली अनेकों गाय

उक्त चक्काजाम के पूर्व जब गौसेवक व इंकाजन टैचिंग ग्राउण्ड पहुंचे तो वहां अनेकों गायें पॉलीथीन खाते हुए नजर आईं। गौवंश के शवों को कुत्तों द्वारा नोचे जाने, गायों के पॉलीथीन खाने सहित पूरे मामले को लेकर कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने भाजपा नेताओं और प्रशासन को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि जो सरकार गाय को गौमाता को दर्जा दे रही है उसी सरकार में राजगढ़ मुख्यालय गायों की दुर्दशा देखकर मन व्यतिथ हो रहा है। उन्होंने प्रशासन से जिम्मेदारों पर मामले में कार्यवाही करने की मांग की।

सारंगपुर तहसील कार्यालय में प्रारंभ हुई सत्यापन प्रक्रिया

# एसआईआर 2026 अभियान : 1117 संदिग्ध मतदाताओं की सुनवाई शुरू



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार चलाए जा रहे एसआईआर 2026 (स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन) अभियान के तहत सारंगपुर विधानसभा क्षेत्र में ऐसे 1117 मतदाता चिन्हित किए गए हैं, जिनका स्वयं का तथा उनके माता-पिता का नाम वर्ष 2003 की मतदाता सूची में दर्ज नहीं पाया गया। इन मतदाताओं की वैधता की जांच एवं सत्यापन हेतु मंगलवार से तहसीलदार कार्यालय सारंगपुर में सुनवाई प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। निर्वाचन कार्य को पारदर्शी एवं त्रुटिरहित बनाने के उद्देश्य से तीन सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एईआरओ नियुक्त किए गए हैं। पहले एईआरओ के रूप में सारंगपुर तहसीलदार, दूसरे जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, तथा तीसरे तहसीलदार पचोर को यह दायित्व सौंपा गया है। मंगलवार को इस क्रम में तहसीलदार आकाश शर्मा के कार्यालय में संदिग्ध मतदाताओं का सत्यापन कार्य किया गया। बड़ी संख्या में मतदाता आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित हुए, जहां उनके जन्म, निवास, माता-पिता की जानकारी एवं अन्य अभिलेखों का परीक्षण किया गया। निर्वाचन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि यह प्रक्रिया पूर्णतः निष्पक्ष एवं नियमों के अनुसार की जा रही है, ताकि मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाया जा सके और फर्जी नामों को हटाया जा सके। यह अभियान लोकतंत्र की मजबूती की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# कड़ाके की सर्दी में सिंचाई के लिए बिजली, करेड़ी में चक्काजाम

## पूर्व विधायक कल्पोनी के नेतृत्व लामबंद हुए अनेकों किसान

**राजगढ़।** क्षेत्र में इन दिनों भीषण सर्दी का दौर जारी है। ऐसे मौसम में भी बिजली विभाग द्वारा किसानों को सिंचाई के लिए रात्रि के समय 10 घंटे बिजली प्रदाय की जा रही है। किसानों की इस समस्या को लेकर मंगलवार दोपहर करेड़ी और आसपास क्षेत्र के अनेकों किसानों ने पूर्व विधायक हेमराज कल्पोनी के नेतृत्व में मेन रोड पर चक्काजाम लगा दिया। किसानों की मांग थी कि उन्हें रात में नहीं बल्कि दिन के समय बिजली दी जाए। काफी समय तक चले चक्काजाम की सूचना के बाद तहसीलदार अनिल शर्मा, विद्युत विभाग के जूनियर इंजीनियर मौके पर पहुंचे और आक्रोषित किसानों को समझाने का प्रयास किया। इसके बाद भी किसान रात में नहीं बल्कि दिन में बिजली देने की मांग पर अड़े रहे ताकि कड़ाके की सर्दी में खेतों में पानी देने से बचा जा सके। बाद में अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि आगे से उन्हें 6 घंटे दिन एवं 4 घंटे रात में बिजली प्रदाय की जाएगी।

# अत्यधिक धुंध के चलते कुंडक्या नाले के समीप पलटा ट्रक



**राजगढ़।** क्षेत्र में पड़ रही भीषण सर्दी और बेहद कम दृश्यता के चलते सोमवार-मंगलवार की मध्यरात्रि एक ट्रक हाईवे पर पलटी मार गया। रात्रि करीब ढाई बजे दुर्घटनाओं का हॉट-स्पॉट कहे जाने वाले कुंडक्या नाले के समीप हुए इस हादसे की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने पहले चालक, क्लीनर को अस्पताल भिजवाने की व्यवस्था करवाई। जिला अस्पताल में प्राथमिक उपचार उपरान्त दोनों को भोपाल रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार सीमेंट की बोरियों से भरा ट्रक क्रमांक आरजे-01 जीसी-5363 अजमेर से सीहोर जा रहा था। इस दौरान रात्रि करीब 2.30 बजे अत्यधिक धुंध के चलते कुंडक्या नाले के घुमावदार मोड़ पर चालक संतुलन खो बैठा और ट्रक रैलिंग से टकराकर पलटी मार गया। घटना की जानकारी लगने पर डॉयल-112 एवं कोतवाली पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल भिजवाने की व्यवस्था करवाई।

संवाद से समाधान कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर की कार्रवाई

# 2 पटवारी सस्पेंड, एडीएम, एसडीएम, नायब तहसीलदारों को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

आमजनों की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए हर मंगलवार संवाद से समाधान कार्यक्रम शुरू किया गया है। इसके तहत कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा शिकायतकर्ता एवं संबंधित विभाग के जिम्मेदारों को अपने सम्मुख खड़ा करके मामलों का निराकरण करवाने के साथ ही दोषियों पर कार्यवाही प्रस्तावित करते हैं।

कल राजस्व विभाग से संबंधित शिकायतों में दोषी पाए जाने पर कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने नरसिंहगढ़ के हल्का पटवारी प्रमोद तिवारी एवं सुठालिया क्षेत्र के पटवारी कैलाश नारायण वर्मा को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया। इसके साथ ही तलेन एवं सुठालिया के नायब तहसीलदार को शोकाज नोटिस जारी करने के निर्देश प्रदान किए। एक शिकायतकर्ता द्वारा उनके खसरे की नकल अपडेट नहीं करने पर कलेक्टर ने मामले को गंभीरता से लेते हुए अपर कलेक्टर राजगढ़, एसडीएम सारंगपुर एवं तहसीलदार पचोर को कारण बताओ नोटिस जारी करने एवं सारंगपुर एसडीएम के रीडर की एक वेतनवृद्धि रोकने के निर्देश प्रदान किए।



### हर शिकायत का निराकरण

एक अन्य मामले में शिकायतकर्ता लखन तिवारी द्वारा बताया गया कि उन्हें प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का लाभ नहीं मिल रहा हैं। किसान द्वारा किसान सम्मान निधि हेतु पंजीयन की कराया गया था। शिकायत की जांच मे पता चला की आवेदक की समग्र आईडी दो जगह नरसिंहगढ़ के तिदौनिया व भोजपुर में मेप होने से आवेदक को लाभ नहीं मिल पा रहा हैं। कलेक्टर ने हल्का पटवारी तिदौनिया व हल्का पटवारी भोजपुर को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

# बिजली कटौती के खिलाफ ज्ञापन



**कुरावर।** नगर कुरावर मे हो रही अघोषित बिजली कटौती के खिलाफ वार्ड क्रमांक 9 पार्षद प्रतिनिधि तथा पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. रविन्द्र मीना के नेतृत्व मे वार्ड क्रमांक 9 के रहवासियो ने विद्युत विभाग कुरावर मे कनिष्ठ अभियंता के नाम से ज्ञापन सौंपा तथा कुरावर में अघोषित बिजली कटौती को तुरंत बंद कर परमानेंट समाधान के लिए कहा। डॉ मीना ने वार्ड 9 मे हो रही अघोषित कटौती के लिए पीपल चौक एरिया में 1 डीपी और लगाए जिससे लोड डिस्ट्रीब्यूशन हो सके के लिए मांग की। साथ मे समस्त नगर कुरावर में एवी स्विच लगाने की भी मांग की जिससे की जिस मोहल्ले मे लाइट खराब हुई है उस मोहल्ले की ही लाइट काटी जाये ना की पूरे नगर कुरावर की। इन मांगो को जल्द से जल्द पूरा करें अन्यथा अगला कदम उठाने की चेतावनी भी विद्युत विभाग को दी। ज्ञापन सौंपने वालों में मुख्य रूप से डॉ रविन्द्र मीना, पूर्व पार्षद इमरान बैग, राजेन्द्र चैहान, रिजवान जिलानी, भूपेंद्र सिंह, आफताब अली, उत्तम सिंह, किशोर सिंह, मोहन कुशवाह, दिनेश धनगर, संदीप प्रजापति, महेन्द्र सोलंकी इत्यादि लोग मौजूद रहे।

# ग्रामीणों का आरोप प्रधानमंत्री आवास योजना में बड़ा फर्जीवाड़ा



**सारंगपुर।** प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत सारंगपुर जनपद की ग्राम पंचायत शामगी घाटा के गांव खेरखेड़ी में बड़े पैमाने पर अनियमितताओं का आरोप ग्रामीणों ने लगाते हुए बताया कि जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को लिखित ज्ञापन सौंपकर निष्पक्ष जांच की मांग की गई है। ज्ञापन में बताया गया है कि पंचायत सचिव द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए कराए गए सर्वे में गंभीर गड़बड़ियां की गईं। जिन लोगों के पास पहले से पक्के मकान बने हुए हैं, उन्हें भी योजना का लाभ दिलाने के लिए नाम लिखे है, जबकि वास्तविक जरूरतमंद एवं कच्चे मकानों में रहने वाले पात्र हितग्राहियों को अपात्र बताकर लाभार्थी सूची से बाहर कर दिया गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि फर्जी दस्तावेजों के आधार पर नाम जोड़कर अपात्र लोगों को लाभ पहुंचाया जा रहा है, जिससे गरीब और जरूरतमंद परिवार योजना के लाभ से वंचित रह गए हैं। ग्रामीणों ने मांग की है कि ग्राम खेरखेड़ी में प्रत्येक प्रधानमंत्री आवास लाभार्थी की पुनः जांच कराई जाए तथा इस कथित फर्जीवाड़े में शामिल अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए। इस संबंध में जनपद पंचायत सीईओ से जल्द जांच कर दोषियों पर कार्यवाही करने की मांग की गई है।

# मनरेगा का नाम बदलना देश के साथ खिलवाड़ः इंका जिलाध्यक्ष



**राजगढ़।** महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) का नाम बदलकर केंद्र सरकार विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) करने जा रही है। देश के करोड़ों मजदूरों के हितों से जुड़ी योजना का नाम और स्वरूप बदलने के विरोध में कांग्रेस द्वारा पूरे जिले और देश में आंदोलन किया जाने वाला है। इसी संदर्भ में मंगलवार दोपहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रियवृत सिंह द्वारा एक प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया। प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस मनरेगा जैसी महती योजना के साथ किए जा रहे खिलवाड़ को बर्दाश्त नहीं करेगी। इसके मूल नाम में परिवर्तन करना न केवल राष्ट्रपिता महात्मा गांधी अपमान है बल्कि देश के करोड़ों मजदूरों के हितों से बहुत बड़ा खिलवाड़ भी है। आगे उन्होंने कहा कि कांग्रेस आगामी दिनों में 'मनरेगा बचाव संग्राम' आरंभ करने जा रही है। उन्होंने इस पूरे आंदोलन की विस्तृत भूमिका व कार्ययोजना मीडिया से सांझा की।

# प्रदेश सरकार के मंत्री के इस्तीफे की मांग को लेकर मशाल जुलूस निकाला



**माचलपुर।** भागीरथपुरा इंदौर में दूषित पानी पीने से हुई मौतों के बाद कांग्रेस पार्टी द्वारा प्रदेश भर में निरंतर विरोध प्रदर्शन का दौर चल रहा है। इस क्रम में सोमवार को नगर में भी विरोध प्रदर्शन करते हुये ब्लाक,नगर वा युवक कांग्रेस के संयुक्त तत्वधान में सराफ मैरिज गार्डन से विशाल मशाल जुलूस प्रारंभ किया जो नगर के विभिन्न मार्गों से होकर गुजरा। जिसमें बड़ी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ताओ ने जलती हुई मशाल और की तस्वीर की तख्तियां हाथों में थामे हुये चल रहे थे। ये जुलूस नगर का भ्रमण कर बस स्टेंड चैराहा पर पहुंचा जहां पर जिला पंचायत सदस्य यशवंत सिंह गुर्जर कहा कि प्रदेश में डबल इंजन की सरकार का अमानवीय चेहरा पूरे प्रदेश के सामने आ गया है,। आज दूषित पानी पीने से 16 बेकसूर लोगों को मौत को गले लगाना पड़ा और करीब 200 लोग आज भी बीमार है। फिर भी घमंडी मंत्री की इंदौर को अपना परिवार बताते है और महापौर जो मंत्री के चहेते है अपनी कुर्सी से चिपके हुए है,कांग्रेस पार्टी इन दोनों से नैतिकता के आधार पर इस्तीफे की मांग करती हैं। साथ ही प्रत्येक मृतक परिवार को आर्थिक सहायता देने, प्रत्येक मृतक परिवार के एक सदस्य को शासकीय नौकरी देने वा दोषी अधिकारियों पर कार्यवाही की मांग करती है।

# बाल विवाह और कुरीतियों को दूर करने बैठक की आयोजित


## रविदास मंदिर पर ओबीसी महासभा किसान सेना एवं एससी एसटी महासंध हुए शामिल



**ब्यावरा।** सुठालिया में रविदास मंदिर पर सामाजिक एकता की बैठक रखी गई जिसमें ब्यावरा से जिला अध्यक्ष डॉ कन्हैयालाल भारतीय ओबीसी महासभा किसान सेना भारत एवं एससी एसटी संयुक्त एकता महासंघ राजगढ़ ने बैठक को सम्बोधित किया और कहा कि समाज में एकता भाईचारा कायम रहे। कुरीतियों को समाप्त करना चाहिए जेसे बाल विवाह झगड़ा प्रथा खर्चीली सादियां और बेटा और बेटी दोनों को पढ़ाना माता सावित्रीबाई फुले शिक्षा की देवी के बारे में बताया एवं इस अवसर पर उपस्थित सतपाल बौद्ध लक्की बड़ोनिया राहुल वर्मा हिरालाल जी राजु ठेकेदार राजाराम वर्मा और सेंकड़ों कार्यकर्ता एवं मंदिर समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मुख्य भूमिका निभाई भंडारे का आयोजन देहरी खेड़ा वाले ने किया इस अवसर पर उपस्थित सभी सम्मानित सदस्यों एवं माताएं बहनें एकसाथ मिलाकर शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया कि हमारे बच्चों को पढ़ाएंगे बैठक का संचालन सतपाल बौद्ध ने किया।

वार्डवासियों ने जताया विरोध, अनियमितता बरतने पर एकजुट हुए रहवासी

# सड़क निर्माण में गुणवत्ताविहीन कार्य के आरोप



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

नगर के सुदर्शन नगर स्थित धनगर मोहल्ले में कायाकल्प योजना अंतर्गत बन रही सीसी सड़क में गंभीर अनियमितताओं के आरोप सामने आए हैं। वार्डवासियों का कहना है कि मेजर सिक्युरिटी इंदौर द्वारा किए जा रहे इस निर्माण कार्य में गुणवत्ता और मानकों की खुलेआम अनदेखी की जा रही है। लोगों का आरोप है कि सड़क निर्माण में न तो निर्धारित मोटाई का पालन किया जा रहा है और न ही आवश्यक तकनीकी प्रक्रिया अपनाई जा रही है।

मंगलवार को जैसे ही सड़क निर्माण कार्य शुरू हुआ, मोहल्ले की कई महिलाएं और पुरुष मौके पर एकत्रित हो गए और ठेकेदार से काम रोकने की मांग की। वार्डवासियों का कहना है कि जहां मानकों के अनुसार 6 इंच मोटा बेस तैयार किया जाना चाहिए था, वहां अनियमित और कमजोर बेस बनाया गया है। इसी तरह 8 इंच मोटी सीसी सड़क के स्थान पर केवल 3 से 4 इंच मोटी कांक्रीट डाली जा रही है। इससे सड़क की मजबूती और टिकाऊपन पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

स्थानीय लोगों ने यह भी आरोप लगाया कि कहीं पॉलिथिन शीट बिछाई गई है तो कहीं इसे पूरी तरह नजरअंदाज कर दिया गया, जबकि सीसी रोड निर्माण में थैली (पॉलिथिन शीट) बिछाना अनिवार्य प्रक्रिया है। इसके अलावा निर्माण सामग्री के अनुपात में भी भारी गड़बड़ी की बात कही गई। मोहल्ले के जागरूक नागरिकों ने बताया कि कांक्रीट में न तो सही मिश्रण किया जा रहा है और न ही मानक अनुसार नमर्दा सेट का उपयोग हो रहा है, जबकि नियमों के तहत इसका प्रयोग अनिवार्य माना गया है।

हंगामे और विरोध की सूचना मिलने पर नगर पालिका की सीएमओ ज्योति सुनहरे मौके पर पहुंचीं। उन्होंने तत्काल इंजीनियर को बुलाकर निर्माण कार्य की जांच करवाई और ठेकेदार को मानकों के अनुरूप गुणवत्ता पूर्ण कार्य करने के निर्देश दिए। साथ ही वार्डवासियों को आश्वासन दिया गया कि यदि अनियमितता पाई गई तो संबंधित एजेंसी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# नगर पंचायत के भेदभाव पूर्ण रवैया को लेकर सौंपा ज्ञापन



**जीरापुर।** जिला कांग्रेस अध्यक्ष पूर्व विधायक प्रियव्रत सिंह के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी द्वारा नगर में दूषित पानी सप्लाई एवं अन्य बिंदुओं को लेकर एसडीएम अंकिता जैन को ज्ञापन सौंपा गया। नगर परिषद द्वारा लोगों के साथ किए जा रहे भेद भाव पूर्ण रवैया, दूषित पानी सप्लाई करने, मनमाने तरीके से लोगों के मकान तोड़ने सहित विभिन्न मुद्दों को लेकर कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता जनप्रतिनिधि, आम जनता महिलाएं सहित पूर्व विधायक डॉ. रामप्रसाद दांगी, माचलपुर ब्लांक अध्यक्ष यशवंत सिंह गुर्जर खिलचीपुर ब्लांक अध्यक्ष जगदीश दांगी, ब्लांक अध्यक्ष सत्यनारायण सरावत, रामगोपाल गुप्ता परोलिया, मोहनलाल पवांर आमलाबे, खेमराज वर्मा वकील, किसान कांग्रेस ब्लांक अध्यक्ष कन्हैयालाल दांगी एवं कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने विश्राम गृह से तहसील परिसर तक नारेबाजी करते हुए तहसीलदार आरपी सिंह गोंड़ को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उल्लेख किया कि नगर पंचायत भेदभाव एवं अव्यस्थाओं की सीमा लांघ चुकी है। पूर्व ऊर्जा मंत्री प्रियव्रत सिंह एवं पूर्व विधायक डॉ रामप्रसाद दांगी ने प्रशासन को चेतावनी देते खुले शब्दों में कहा कि जो अव्यवस्था एवं निति विरूद्ध काम कर रहे हैं। 15 दिनों के अंदर इन दोषियो पर कार्रवाई नहीं हुई तो उग्र आंदोलन किया जाएगा।